उत्तराखंड में पिछले 10 वर्षों में मतदाताओं में 30% की वृद्धि

चर्चा में क्यों?

हाल ही में समुदायों के लिये सामाजिक विकास (एसडीसी) फाउंडेशन द्वारा जारी विधानसभा चुनावों पर रिपोर्ट 'दशकीय चुनावी विकास और जनसांख्यिकीय चुनौती, 2012-22' के अनुसार हिमालयी राज्य उत्तराखंड ने पिछले दस वर्षों में मतदाताओं की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

प्रमुख बिंदु

- समुदायों के लिये सामाजिक विकास (एसडीसी) फाउंडेशन ने 2012 से 2022 के चुनावों तक पाँच राज्यों- उत्तर प्रदेश, मणिपुर, पंजाब, उत्तराखंड और गोवा का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए यह रिपोर्ट तैयार की है।
- रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में मतदाताओं में 30 प्रतिशत, पंजाब में 21 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 18-19 प्रतिशत, मणिपुर में 14 प्रतिशत तथा गोवा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- वर्ष 2012 में उत्तराखंड में 63,77,330 मतदाता थे, जो 2022 के विधानसभा चुनाव में बढ़कर 82,66,644 हो गए हैं।
- एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में काफी तेज़ी से वृद्धि हुई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/30-increase-in-voters-in-uttarakhand-in-the-last-10-years